वेबसाइटः www.bankofbaroda.in ईमेल: corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान: मुंबई **तारीख: 01.10.2023**

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 'एक तारीख, एक घंटा, एक साथ' मनाया

कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ पूरे भारत में मौजूद 345 केंद्रों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया

स्वच्छ और कचरा-मुक्त भारत की दिशा में बैंक की प्रतिबद्धता पुनः साबित हुई

मुंबई, 01 अक्टूबर 2023: भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में शामिल, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने आज पूरे देश में स्थित 345 केंद्रों पर '**स्वच्छता ही सेवा अभियान**' के हिस्से के रूप में **"एक तारीख, एक घंटा, एक साथ"** कार्यक्रम आयोजित किया। यह महा स्वच्छता अभियान 'स्वच्छता पखवाड़ा' पहल (स्वच्छ भारत के लिए पखवाड़ा) के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जो 15 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 के दौरान मनाया जा रहा है। इस अभियान का समापन महात्मा गांधी जी की जयंती की स्मृति में आयोजित स्वच्छता दिवस 2023 के साथ होगा। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का मूल थीम "कचरा मुक्त भारत" है।

इस अवसर पर, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री देबदत्त चाँद के नेतृत्व में मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में एक सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें श्री अजय के खुराना, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, बड़ी संख्या में कर्मचारियों और आम जनता ने हिस्सा लिया। इसके अलावा, बैंक ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अनुरूप अपने आस-पड़ोस की साफ-सफाई को प्रोत्साहित करने के लिए शहरी और ग्रामीण भारत के 69 अग्रणी जिलों में स्थित 345 केंद्रों पर स्वच्छता और सफाई की व्यवस्था से जुड़ी कई गतिविधियों का आयोजन किया।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री देबदत्त चाँद ने कहा, “सामाजिक रूप से जिम्मेदार कॉर्पोरेट संस्थान होने के नाते, बैंक ऑफ़ बड़ौदा प्रकृति के साथ तालमेल बिठाते हुए संवहनीय विकास के लिए लगातार समर्पित है और एक स्वच्छ व हरित भविष्य की दिशा में अनेक पहलें कर रहा है। महात्मा गांधी जी को उनकी जयंती पर याद करने के साथ "एक तारीख एक घंटा एक साथ" अभियान के तहत बड़ौदियन्स ने बड़ी संख्या में इस नेक कार्य में योगदान दिया और स्वच्छता के माध्यम से समृद्धि लाने वाले मिशन को पूरा करने के लिए इसमें स्वेच्छा से बढ़-चढ़ कर भाग लिया।“

श्री चाँद ने आगे बताया, "बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने हाल ही में अपना "बड़ौदा अर्थ - एक हरित ग्रह हेतु बैंकिंग (बैंकिंग फॉर ए ग्रीनर प्लैनेट)" कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया है, जो हमारे पर्यावरण की रक्षा, संरक्षण और बचाव के प्रयास में बैंक का एक महत्वपूर्ण कदम है।"

स्वच्छता पखवाड़ा भारत सरकार की एक पहल है, जिसका उद्देश्य स्वच्छता की आदतों पर ध्यान केंद्रित कराना है। वर्ष 2023 स्वच्छ भारत मिशन का 9वां वर्ष है। इसमें श्रमदान (स्वयंसेवा) और जन भागीदारी (सार्वजनिक भागीदारी) के माध्यम से उन्नत स्वच्छता पर अधिक जोर दिया जा रहा है। स्वच्छता अभियान बाजारों, रेलवे पटरियों, जल निकायों, पर्यटन और धार्मिक स्थलों जैसी सार्वजनिक स्थानों की सफाई में प्रत्येक क्षेत्र के नागरिकों से शामिल होने का आह्वान करता है।

About Bank of Baroda

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of ~165 million through over 70,000 touch points spread across 17 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank’s bob World mobile app provides customers with a saving, investing, borrowing, and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank’s vision matches its diverse clientele base and instils a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

For media queries, please contact:

Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com